Roll No. .... Total Pages : 5

MDE/D-21 **9625**

आधुनिक गद्य साहित्य

Paper–HI-103

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

खण्ड-क

1. निम्न अवतरणों में से किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

(क) वजीरा, पानी पिला दे और मेरा कमरबन्द खोल दे। तर हो रहा है। मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्म भर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं, समय की धुन्ध बिल्कुल उन पर से हट जाती है। लहनासिंह बारह वर्ष का है। अमृतसर में मामा के यहाँ आया हुआ है। दही वाले के यहाँ, सब्जी वाले के यहाँ, हर कहीं उसे आठ साल की लड़की मिल जाती है। जब वह पूछता है कि तेरी कुड़माई हो गई? तब वह 'धत्' कहकर भाग जाती है।

(ख) यह खेती का मजा है! और एक-एक भगवान ऐसे पड़े हैं, जिनके पास जाड़ा जाय तो गरमी से घबड़ाकर भागे। मोटे-मोटे गद्दे, लिहाफ-कम्मल। मजाल है, जाड़े का गुजर हो जाए। तकदीर की खूबी! मजूरी हम करें, मजा दूसरे लूटें!

(ग) अर्थी को बाहर बने चबूतरे पर रख दिया गया है। अब खामोशी छा गई है। इधर-उधर बिखरी हुई भीड़ शव के इर्द-गिर्द जमा हो गई है और कारों के शोफर हाथों में फूलों के गुलदस्ते और मालाएँ लिए अपनी मालकिनों की नजरों का इंतजार कर रहे हैं। कुहरे में बसें दौड़ रही हैं। जूँ-जूँ करते भारी टायरों की आवाजें दूर से नजदीक आती हैं और फिर दूर होती जाती हैं। मोटर-रिक्शे बेतहाशा भागे चले जा रहे हैं। टैक्सी का मीटर अभी किसी ने डाउन किया है। पड़ोस के डॉक्टर के यहाँ फोन की घंटी बज रही है। और पिछवाड़े गली से गुजरती हुई कुछ लड़कियाँ सुबह की शिफ्ट पर जा रही हैं।

(घ) सरकार ! आजकल नगर की दशा बड़ी बुरी है। दिन दहाड़े लोग लूट लिए जाते हैं। सैंकड़ों जगह नाल पर जुए चलने के लिए टेढ़ी भौवें कारण बन जाती हैं। उधर रेजीडेंट साहब से महाराजा की अनबन चल रही है। राजमाता चुप रहीं। दूसरे दिन राजा चेतसिंह के पास रेजीडेंट मार्कहेम की चिट्ठी आई, जिसमें नगर की दुर्व्यवस्था की कड़ी आलोचना थी। डाकुओं और गुंडों को पकड़ने के लिए उन पर कड़ा नियंत्रण रखने की सम्मति भी थी।

(च) उन्हीं दिनों पाकिस्तान के बनाए जाने का ऐलान किया गया था और तरह-तरह के अनुमानन लगाने लगे थे कि भविष्य में जीवन की रूपरेखा कैसी होगी। पर किसी की भी कल्पना बहुत दूर तक नहीं जा पाती थी। मेरे सामने बैठे सरदार जी बार-बार मुझसे पूछ रहे थे कि पाकिस्तान बन जाने पर जिन्ना साहिब बंबई में ही रहेंगे या पाकिस्तान में जा कर बस जाएंगे, और मेरा हर बार यही जवाब होता– बंबई क्यों छोड़ेंगे, पाकिस्तान में आते-जाते रहेंगे, बंबई छोड़ देने में क्या तुक है! लाहौर और गुरदासपुर के बारे में भी अनुमान लगाए जा रहे थे कि कौन-सा शहर किस ओर आएगा।

(छ) मढ़ैया के अंदर बिरजू की माँ चटाई पर पड़ी करवटें ले रही थी। उँह, पहले से किसी बात का मनसूबा नहीं बाँधना चाहिए किसी को! भगवान ने मनसूबा तोड़ दिया। उसको सबसे पहले भगवान से पूछना है, यह किस चूक का फल दे रहे हो भौला बाबा! अपने जानते उसने किसी देवता-पित्तर की मान-मनौती बाकी नहीं रखी। सर्वे के समय जमीन के लिए जितनी मनौतियाँ की थीं..... ठीक हो तो! महाबीर जी का रोट तो बाकी ही है। हाय रे दैव!........ भूल-चूक माफ करो महाबीर बाबा! मनौती दूनी करके चढ़ाएगी बिरजू की माँ!..... (3×7=21)

खण्ड-ख

2. निम्न में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों का आलोचनात्मक उत्तर दीजिए :

(क) प्रेमचन्द्र की दलित चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ख) प्रेमचन्द्र की भाषा-शैली पर सारगर्भित लेख लिखो।

(ग) 'गोदान' में गांव और शहर के अन्तःसंबंधों पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'मैला आंचल' उपन्यास की भाषा पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'मैला आंचल' में ग्राम्य जीवन में होने वाले राजनीतिक-आर्थिक परिवर्तनों पर प्रकाश डालिए।

(च) 'मैला आंचल' उपन्यास की आंचलिकता का वर्णन कीजिए।

(3×12=36)

खण्ड-ग

3. निम्न में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (लगभग 250 शब्दों में) :

(क) जैनेन्द्र कुमार का साहित्यिक परिचय।

(ख) भगवतीचरण वर्मा की किसी एक कृति का परिचय।

(ग) बेचन शर्मा उग्र का साहित्यिक परिचय।

(घ) बंग महिला का साहित्यिक योगदान।

(ङ) अज्ञेय की कहानी कला।

(च) अमृतलाल नागर की किसी एक कृति की मूल संवेदना।

(छ) मन्नू भंडारी का साहित्यिक परिचय।

(ज) यशपल के साहित्यिक सरोकार।

(झ) अमरकांत की किसी एक कृति की मूल संवेदना।

(ञ) बालशौरी रेड्डी का साहित्यिक योगदान। (5×3=15)

खण्ड-घ

4. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'गोदान' के होरी का संबंध किस गांव से है?

(ख) 'मेरीगंज' में मार्टिन किस चीज की खेती करने आया था?

(ग) 'कथाभूमि' में संकलित किस कहानी में किसान का चित्रण है?

(घ) 'मैला आंचल' कब प्रकाशित हुआ?

(ङ) 'कथाभूमि' की किस-किस कहानी में अमृतसर शहर का जिक्र आता है?

(च) 'लाल पान की बेगम' किस विधा की रचना है?

(छ) 'कथाभूमि' का संपादक कौन है?

(ज) गोदान में होरी की बेटियों के नाम बताओ। (8×1=8)